# SSLC HINDI - FOCUS AREA NOTES MARCH 2022

## पाठ - 1 बीरबहूटी

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) बीरबहूटी किस विधा की रचना है ?

उत्तर: कहानी

2) बीरबहूटी नामक कहानी किसके द्वारा लिखित हैं?

उत्तर: प्रभात

3) बीरबहूटी क्या है ?

उत्तर: बीरबहूटी लाल रंग का एक बरसाती कीड़ा है |

4) कहानी के आरंभ में किसका चित्रण है ?

उत्तर:बरसात के मौसम का चित्रणा |

5) खेतों और जंगलों के ऊपर क्या छाये हुए थे ?

उत्तर: खेतों और जंगल के ऊपर बादल छाये हुए थे |

6) आकाश कैसा था ?

उत्तर: आकाश मेघों से भरा था |

7) हवाएँ कैसी थी ?

उत्तर: हवाएँ गीली थी |

8) पेड़ों के तने कैसे थे ?

उत्तर:पेड़ों के तने गीले थे |

9) बाजरा के पत्तों की विशेषता क्या हैं ?

उत्तर:लंबे और पतले हैं |

10) उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था । किन्हें?

उत्तर: बेला और साहिल को |

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*

11) वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। क्यों ?

उत्तर:बीरबहूटियों को खोजने के लिए }

12) बीरबहूटियों की विशेषताय क्या क्या है ?

उत्तर: सुर्ख , मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ |

धरती पर चलती- फिरती खून की प्यारी प्यारी बूंदे जैसी |

13) बीरबहूटी कहानी के मुख्य पात्र कौन कौन है?

उत्तर: बेला और साहिल |

14) वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर ,बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे |उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे /

" बेला देखो , इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन जैसा लाल है। " साहिल ने कहा।

‘‘ तुम ने कुछ सुना बेला " ?

हाँ सुना। पहली घंटी लग गयी है "।

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है"।

कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

पटकथा

दृश्य- एक

स्थान : कस्बे से स्कूल जाने के बगल का खेत।

समय : सबेरे नौ बजे

[ खेतों से भरा इलाका। दूर दूर तक खेत हैं | दस- ग्यारह साल के दो बच्चे बेला और साहिल खेत की मिट्टी में कुछ खोज रहे हैं |उनके पीठ पर बस्ता है । दोनों स्कूल की वर्दी पहने हैं ।]

साहिल : बेला ,देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारा रिबन जैसा लाल है |

बेला : दिखाओ तो | हाँ ठीक है।

[ स्कूल सें घंटी बजने की आवाज़ आती है ]

साहिल :( घबराकर ) तुमने कुछ सुना बेला ?

बेला : हा सुना | पहली घंटी लग गई है |चलो देर हो जाएगी |

साहिल : लेकिन मुझे पैन में स्याही भरवानी है, दूकान से ।

बेला : तो चलो जल्दी |

[ खेत की ज़मीन से उठकर दोनों बच्चे स्कूल के रास्ते पर आगे बढते है | ]

15) फुलेरा जंक्शन कहाँ है ?

उत्तर: फुलेरा जंक्शन राजस्थान में जयपुर के नजदीक है।

16) फुलेरा जंक्शन की विशेषताएँ क्या क्या है?

उत्तर: फुलेरा जंक्शन सदा ही सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों से भरा हुआ दिखाई पड़ता है। कस्बे की गलियाँ सूनी और तंग है | गलियों मे खामोश खडे बिजली के खंभे है |गलियों में मीठी घंटी बजाते फेरीवाले हैं |

17) बेला और साहिल क्यों दुकान जाते है ?

उत्तर: वे पैन में स्याही भरवाने के लिए दूकान जाते है।

18) दुकान जाते समय साहिल ने क्या किया?

उत्तर: पैन में जो स्याही थी उसे ज़मीन पर छिडक दिया |

19) बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए। दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर: साहिला ने पैन में नई स्याही भरवाने की इच्छा से उसमें बची स्याही को जमीन पर छिडक दिया | दूकान पहुँचने पर वहाँ स्याही नहीं थी | तब दूकानदार ने कहा कि बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि किसी वस्तु को मिलने की प्रतीक्षा में हमें पास की वस्तु को छोडना नहीं चाहिए | वह मूर्खता है। बिना सोच विचार करके कुछ भी नहीं करना चाहिए |

20) बेला और साहिल कितने दर्जे में पढते हैं ?

उत्तर: पाँचवें दर्जे में।

21) वाक्य पढें , आशय समझकर सही या गलत चिह्न लगाएँ |

a) साहिल ने दुकान से स्याही भरवाई | ☒

b) सारा आकाश मेघों से भरा था। ✓

c) पैन में बची स्याही को बेला ने जमीन पर छिड़क दिया | ☒

d) मूंगफलियों में पीले फूल हैँ | ✓

e) स्कूल के रास्ते में बेला और साहिल बीरबहूटियाँ खोजते थे | ✓

f) बीरबहूटियाँ सुर्ख, मुलायम और गदबदी होती है | ✓

g) बेला और साहिल स्कूल के लिए कुछ समय पहले निकल आते थे |✓

h) बीरबहूटियों का रंग बेला के रिबन के जैसा लाल है।✓

i) नई चीजें मिलने की प्रतीक्षा में अपने पास की चीजों को नष्ट करना है। ☒

j) इस कहानी में बारिश के मौसम का वणन है |✓

22) निम्नलिखित विशेषण युक्त शब्दों से विशेषण को अलग करके लिखें ‖

1) सारा आकाश

2) गीली हवा

3) हरे खेत

4) छोटा बाजरा

5) पीले फूल

| विशेषणयुक्त शब्द | विशेषण |
|---|---|
| सारा आकाश | सारा |
| गीली हवा | गीली |

| | |
|---|---|
| छोटा बाजरा | छोटा |
| पीले फूल | पीले |
| हरे खेत | हरे |

23 ) . गणित के मास्टरजी कौन है?

उत्तर :सुरेंदरजी

24) सुरेंदरजी का पीरियड कब आता था ?

उत्तर :खेल बंटी के बाद

25) गणित के माटसाब सुरेंदरजी के पीरियड आते ही बच्चे क्या करते थे?

उत्तर : बच्चे खेल घंटी बंद होने के दो मिनट पहले ही आकर अपनी अपनी जगह बैठ जाते थे |

26) सुरेंदरजी कैसे व्यक्ति थे ?

उत्तर :वे ज़रा सी गलती पर बच्चों को इधर- उधर फेंक देते थे या झापड़ मारने लगते थे। उनका हाथ चलना शुरू होता तो रूकना भूल जाता था |

27) बेला किस बात पर ज्यादा दुखी हो गयी ?

उत्तर :माटसाब ने साहिल के सामने बेला को पीट लिया ।इसलिए वह ज्यादा दुखी हो गयी।

28) जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई ।क्यों ?

उत्तर :पहला कारण यह है कि साहिल सामने था। साहिल की दृष्टि में वह अच्छी लड़की है। यह सोचकर बेला उससे नजर नहीं ला पाई।

29) गणित के माटसाब से हुए बुरे व्यवहार के बारे में बेला की डायरी तैयार करें |

18 नवंबरर 1981

बुधवार

आज मेरे लिए दुःख का दिन था | मैं साहिल के साथ कक्षा में बैठी थी | हम दोनों ने अपना कार्य पूरा किया था। मैं ने कोई गलती नहीं की। पर न जाने क्यों मेरी किताब लेकर माटसाब सुरेंदरजी ने बहुत क्रोध प्रकट किया ! मेरे पाँव काँप रहे थे | साहिल भी बहुत डर गया था । ये माटसाब क्यों इस तरह करते हैं. . . . . . . . . !

30) दीपावली की छुट्टी के बाद स्कूल आते समय बेला के सिर पर क्या थी?

उत्तर :सफेद पट्टी थी।

31) बच्चे बेला को क्यों चिढ़ा रहे थे ?

उत्तर :बेला के सिर पर सफेद पट्टी थी। यह देखकर चिढा रहे थे ।

32) बेला कहाँ जाकर खेलने के लिए जिद करती है? कब ?

उत्तर :गांधी चौक में। खेल घंटी में ।

33) इन बच्चों को अपने चारों ओर खेलते देखकर गांधी जी की मूर्ति ऐसी दिखायी पड़ती जैसे और समय से कुछ अधिक मुस्कुरा रही हो। इसका मतलब क्या है ?

उत्तर : बच्चों की हँसी खुशी सभी पसंद करते हैं । यहाँ बच्चे खुशी से खेलते हैं। चारों ओर खुशी का वातावरण है। इसलिए ऐसा लगता है कि गांधीजी की मूर्ति भी मुस्कराती है।

34) अस्पताल में साहिल किससे मिला ?

उत्तर : बेला से मिला |

35) बेला क्यों अस्पताल आई थी ?

उत्तर :अपने सिर में पट्टी बंधवानने के लिए ।

36) साहिल की पिंडली में कील लग गई। कैसे ?

उत्तर : साहिल नीम के पेड़ की डाली पकडकर झूम रहा था। वह स्टूल पर चढ़कर झूलता था । अचानक स्टूल की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई ।

**37) ध्यान से पढ़ें , समझे :**

बीरबहूटी का रंग

मूँगफलियों के हरे खेत

बारिश की हवा

पानी की बूंदे

38) निम्नलिखित वर्कशीट की पूर्ति करें।

गोपाल का / की बेटी

गोपाल का | के बेटे

गोपाल का/ की बेटी

गोपाल के / की बेटियाँ

उत्तर : गोपाल का बेटा

गोपाल के बेटे

गोपाल की बेटी

गोपाल की बेटियाँ

39) निम्नलिखित वर्कशीट की पूर्ति करें।

1) रामू. . . . . . . . . . . . . . . . . लडका पढ़ता है ( का ,की)

2) रामू - - - - - - - - - - - - - - - - - लड़की पढती है। ( का, की )

3) रामू *************** लड़के पढते हैं।( का, की)

4) रामू - *************** लडकियाँ पढती हैं? ( ( के, की)

उत्तर

1) रामू का लड़का पढ़ता है।

2) रामू की लड़की पढ़ती है।

3) रामू के लड़के पढ़ते हैं।

4) रामू की लड़कियाँ पढ़ती हैं।

40) एक दिन सुरेंदरजी ने क्या किया?

एक छोटी सी गलती पर बेला के बालों में पंजा फँसाया ।

41) बेला के बालों में पंजा फंसाते वक्त साहिल की क्या दशा हुई ?

बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह हर गया था।

42) बेला का मन खराब होने का कारण क्या था?

उत्तर : माटसाब ने साहिल के सामने बेला को पीट लिया था। इसलिए बेला का मन खराब हो गया

43) बेला और साहिल कितने दर्जे में पढ़ते थे?

उत्तर : पाँचवें दर्जे में |

44) बेला के पापा उसे किस पाठशाला में पढ़ाना चाहते हैं?

उत्तर : राजकीय कन्या पाठशाला में ।

45) साहिल कहाँ पढेगा ?

उत्तर : साहिल अजमेर में पढेगा। वह घर से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ेगा ।|

46 ) बेला क्या जानना चाहती है ?

उत्तर : बेला जानना चाहती है कि साहिल के घरवाले उसे क्यों अजमेर भेजना चाहते हैं |

47) रिपोर्ट कार्ड देखने का वर्णन कहानीकार ने कैसे किया है?

उत्तर : साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का । आज आखिरी बारी वे एक दूसरे की कोई चीज को छूकर देख रहे थे।

48) स्कूल के अंतिम दिन साहिल और बेला आपस में क्या देख रहे थे?

उत्तर : रिपोर्ट कार्ड |

49) रिज़ल्ट आने पर बेला और साहिल उदास थे? क्यों?

उत्तर : अगले साल बेला और साहिल दोनों अलग अलग स्कूलों में पढ़ने वाले थे। इसलिए दोनों उदास थे।

50) यह बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था। कहानी के प्रसंग में यह कैसे सार्थक होता है?

उत्तर : यहाँ बारिश एक प्रतीक है। सच्चे मित्र साहिल और बेला आगे की पढ़ाई के लिए अलग हो जाने वाले हैं। इस वियोग के बारे में वे आपस में बताकर बहुत दु:खी हुए | उनकी आँखे भर गयी। संयोग से उस समय बारिश हो रही थी। साहिल की आँखों से भी पानी बरस रहा है। यहाँ कहानीकार ने बच्चों की रोनी सूरत को प्रकृति के साथ दिखाया है। बच्चों की आंखों में पानी है। बाहर की प्रकृति भी उनके साथ है।

51) कहानी की घटनाओं को सूचीबद्ध करें ।

* बेला और साहिल का बीरबहटियों को खोजना
* पैन में स्याही भरने दुकान जाना
* सुरेंदरजी का बेला से क्रोध प्रकट करना
* बेला के सिर पर चोट लगना
* साहिल के पैर पर चोट लगना
* पाँचवी कक्षा का रिज़ल्ट आना
* बेला और साहिल का एक दूसरे से अलग होना

52 ) पटकथा की विशेषताएँ क्या क्या है?

◇ पटकथा में एक प्रसंग चाहिए |

◇ स्थान और समय का उल्लेख

◇ पात्र और पात्र की आयु, वेशभूषा, चाल- चलन आदि का उल्लेख

◇ दृश्य का विवरण

◇ स्वाभाविक और पात्रानुकूल संवाद

53 ) पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया | साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का । इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।

दृश्य

स्थान : स्कूल का मैदान

समय: सुबह लगभग 10 बजे

पात्र - 1. बेला - करीब ग्यारह साल की लड़की ।

स्कूल यूनिफॉर्म में ।

2. साहिल- करीब ग्यारह साल का लड़का ।

स्कूल यूनिफॉर्म में ।

( साहिल और बेला एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड देख रहे हैं ।)

बेला ( दु;ख से) : अब तुम कहाँ पढोगे?

साहिल ( दुःख से) : और तुम कहाँ पढोगे बेला?

बेला : राजकीय कन्या पाठ शाला में ।

साहिल : मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे ।

बेला : अब तुम यहाँ नहीं रहोगे ?

साहिल: तुम्हारी आँखों में आंसू क्यों आ रहे हैं बेला ?

बेला: ( डबडबाई आँखों से हँसकर) मुझे क्या पता ?

( साहिल की आँखे दुःख से लाल होती है ।)

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

**पाठ : 2 - हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ।**

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) साहित्य की विधाएँ कौन कौन सी हैं ?

उत्तर: कविता, कहानी, नाटक, एकांकी, टिप्पणी आदि साहित्य की विधाएँ है।

2) ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' नामक पाठ में कौन- कौन सी विधाएँ हैं ?

उत्तर:एक कविता और उसी कविता की टिप्पणी |

3) ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' के कवि कौन है?

उत्तर: विनोद कुमार शुक्ल |

4) हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था नामक कविता की टिप्पणी किसने लिखी

OR

कविता के टिप्पणीकार कौन हैं ?

उत्तर:नरेश सक्सेना |

5) अपरिचित व्यक्ति कैसे बैठा था ?

उत्तर:अपरिचित व्यक्ति निराश होकर बैठा था।

6) अपरिचित व्यक्ति के बारे में कवि क्या जानते थे ?

उत्तर: कवि उसकी हताशा या निराशा को जानते थे।

7 ) अपरिचित व्यक्ति को देखकर कवि ने क्या किया ?

उत्तर : अपरिचित व्यक्ति की सहायता करने के लिए कवि ने उसकी ओर अपना हाथ बढाया ।

8) कवि ने अपना हाथ बढाते समय अपरिचित व्यक्ति ने क्या किया ?

उत्तर : उसने कवि का हाथ पकडा और खडा हो गया ।

9) क्या, वह अपरिचित व्यक्ति कवि को जानता था ?

उत्तर: नहीं | वह अपरिचित व्यक्ति कवि को नहीं जानता था | पर वह व्यक्ति कवि की सहायता चाहता था |

10) कवि ने उस व्यक्ति के सामने क्यों हाथ बढ़ाया ?

उत्तर: कवि ने उसकी सहायता करने के लिए उसके सामने हाथ बढाया |

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*

11) दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे | साथ चलने को जानते थे । इसका मतलब क्या है?

उत्तर : हमें किसी भी निराश या संकट में पड़े व्यक्ति की सहायता ज़रूर करनी चाहिए ।

( 12) कविता में कवि का कौन सा मनोभाव प्रकट होता है ?

उत्तर: मनुष्य में मनुष्यता का बोध होना अनिवार्य है |

13) विनोद कुमार शुक्ल की कविता की खूबियाँ और विशेषताएँ क्या क्या हैं?

उत्तर: ( 1) उनकी कविताएँ मौलिक है।

( 2) उनकी भाषा स्वाभाविक है |

14) अनगढ़ता माने क्या है?

उत्तर: स्वाभाविकता |

15) विनोद कुमार शुक्ल की कविता की विशेषताएँ क्या क्या हैं?

उत्तर: विनोद कुमार शुक्ल की कविता के अर्थ इतने सहज , स्वाभाविक, सरल और साफ हैं कि उन्हें व्याख्या की दरकार नहीं है |

16) कवि ने अपरिचित व्यक्ति को किस स्थिति में देखा ?

उत्तर: हताशा या निराशा की स्थति में।

17) क्या, कवि पहले उसे ( अपरिचित व्यक्ति को) जानते थे?

उत्तर: नहीं। कवि उसके पहले उस निराश व्यक्ति को नहीं जानते थे।

18) दोनों साथ साथ चलने लगे। क्या वे परिचित थे?

उत्तर:नहीं। दोनों अपरिचित थे |

19) हम दोनों साथ चले । कौन कौन ?

उत्तर: कवि और हताश व्यक्ति ।

20) व्यक्ति को न जानने पर भी कवि ने उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया । इससे हमें कौन- सा संदेश मिलता है?

मनुब्य में मनुष्यता का बोध होना चाहिए।

21) एक व्यक्ति को जानने का परंपरागत तरीका या रूढि क्या है ।?

उत्तर : व्यक्ति के नाम, पते , उम्र , ओहदे जाति आदि के आधार पर पहचानना ही रूढि या परंपरागत तरीका है ।

22) कवि के अनुसार जानने का मतलब क्या है ?

उत्तर : कवि के अनुसार किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से जानना चाहिए ॥

23) " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" |

- कविता का संदेश क्या है?

उत्तर : किसी के दु:ख में समवेदना के साथ मदद करना चाहिए । मनुष्य को मनुष्य की तरह देखना या जानना चाहिए |

24) जानना शब्द की लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत है?

उत्तर : अगर कोई व्यक्ति मुसीबत में है और उसे हमारी मदद की जरूरत है तो ज़रूर हमें उसकी मदद करनी चाहिए । लेखक की व्याख्या बिलकुल सही है क्योंकि यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है ॥

25) काव्य शिल्प क्या है?

उत्तर : साहित्यकार या कवि अपने भाव , विचार , संकल्प आदि को प्रकट करने के लिए शब्दों का क्रमीकरण अपनी सर्गात्मकता के अनुसार प्रत्येक ढंग से करते हैं । इसे काव्य शिल्प कहते है ।

26) स्थायी का मतलब क्या है ?

उत्तर : लोकगीतों में बार- बार आनेवाले शब्दों को स्थायी कहते है ।

27) कविता के शिल्प पक्ष पर लेखक के निरीक्षण क्या क्या है?

उत्तर : कविता में ' जानना ' शब्द का प्रयोग बार बार हुआ है । यह तो किसी लोकगीत के समान है । यह तो गजल की कुछ पंक्तियों के अंतिम शब्द के समान है । इस गद्य कविता में गीतात्मकता भी है ।

28) कविता की टिप्पणी लिखते समय किन किन बातों पर ध्यान देना है?

नरेश सक्सेना की टिप्पणी के आधार पर लिखें |

- कवि और कविता का परिचय
- कविता का आशय
- भाषा और रचना की विशेषताएँ
- विशेष पंक्तियों का उल्लेख
- शीर्षक की सार्थकता
- निष्कर्ष

वर्कशीट देखें और समझें ।

| जानने के रूढिग्रस्त आधार | जानने के असली आधार |
|---|---|
| नाम से जानना | असाहयता से जानना |
| पते से जानना | हताशा से जानना |
| उम्र से जानना | निराशा से जानना |
| जाति से जानना | संकट से जानना |

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

## पाठ 3 - टूटा पहिया ( कविता)

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) टूटा पहिया नामक कविता किसके द्वारा लिखित है?

उत्तर : यह कविता धर्मवीर भारती के द्वारा लिखित है ।

**2)** टूटा पहिया कविता का प्रसंग क्या है**?**

उत्तर : महाभारत युद्ध में कौरवों ने चक्रव्यूह रचा था। अभिमन्यु चक्रव्यूह के अंदर घुस गया। लेकिन बाहर निकलना न जानता था| कौरव पक्ष के अनेक महा योद्धाओं ने अभिमन्यु पर घोर आक्रमण किया | अभिमन्यु अकेला था | उसके सारे शस्त्र नष्ट हो गए | अंत में अभिमन्यु ने एक टूटे रथ चक्र को लेकर युद्ध किया |

**3)** चक्रव्यूह की रचना किसने की **?**

उत्तर : महाभारत युद्ध में कौरवों ने चक्रव्यूह रचा था |

**4)** चक्रवूह के अंदर घुसकर युद्ध करनेवाला वीर कौन था **?**

उत्तर : अभिमन्यु |

**5)** निरायुध अभिमन्यु ने क्या किया**?**

उत्तर : एक टूटे पहिए को उठाकर युद्ध किया |

**6)** यहाँ चक्र का विशेषण किस प्रकार किया है**?**

उत्तर : टूटा हुआ पहिया

रथ का पहिया

रथ का टूटा हुआ पहिया

**7)** टूटा पहिया हमसे क्या प्रार्थना करता है **?**

उत्तर : उसे टूटा हुआ समझकर कहीं मत फेंको |

**8)** टूटे पहिए के इस प्रकार कहने का कारण क्या है**?**

उत्तर : यहीं टूटा हुआ पहिया एक बार अभिमन्यु के काम आया था |

**9)** टूटा पहिया कब अभिमन्यु का काम आया था**?**

उत्तर : जब वह दुरूह च्क्रव्यूह में पड़ा था, तब काम आया था |

**10)** दुरूह चक्रव्यूह क्यों कहा गया है **?**

उत्तर : चक्रव्यूह के अंदर घुसना और बाहर निकलना कठिन था । इसलिए दुरूह चक्रव्यूह कहा

गया है।

11) दुरुह चक्रव्यूह में विशेषण शब्द कौन- सा है?

उत्तर :दुरूह |

12) चक्रव्यूह का मतलब क्या है ?

उत्तर : चक्रव्यूह में पैदल सैनिकों के हाथियों और घोड़ों का विन्यास एक निश्चित क्रम में होता है।

13) अक्षौहिणी सेना माने क्या है ?

उत्तर : यह प्राचीन भारत की एक सेना है। इसे संपूर्ण चतुरंगी सेना भी कहते हैं।इसमें ,

21870 रथ

21870 हाथी

65610 घोड़े और

109350 पैदल सैनिक रहते हैं।

14) अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देने वाला कौन है ?

उत्तर : अभिमन्यु |

15) दुस्साहसी अभिमन्यू में विशेषण शब्द कौन- सा है?

उत्तर : दुस्साहसी |

16) अभिमन्यु को दुस्साहसी क्यों कहा गया है?

उत्तर : क्योंकि उसने बडा साहस दिखाया |

17) अभिमन्यु ने ऐसा दुस्साहस क्यों दिखाया ?

उत्तर : न्याय के समर्थन के लिए |

18) टूटा पहिया क्या करना चाहता है?

उत्तर : अभिमन्यु जैसा न्याय या सत्य के पक्ष में रहनेवाला कोई व्यक्ति संकट में पड़ जाय तो उसकी सहायता करना चाहता है।

19) कविता के प्रतीक क्या क्या है ?

उत्तर :टूटा पहिया , अभिमन्यु, चक्रव्यूह, अक्षौहिणी सेना आदि ।

**20)** चक्रव्यूह किसका प्रतीक है **?**

उत्तर : चक्रव्यूह समस्याओं का प्रतीक है ।

**21)** अभिमन्यु किसका प्रतीक है **?**

उत्तर :अभिमन्यु न्याय या सत्य के पक्ष में रहनेवाला है । अभिमन्यु शोषित समाज का प्रतीक है ।

**22)** कौरव किसके प्रतीक है**?**

उत्तर : कौरव अन्याय और असत्य के पक्ष में रहने वाले है । यानी वे शोषक वर्ग हैं | कौरव शोषक वर्ग का प्रतीक है |

**23)** टूटा पहिया किसका प्रतीक है**?**

उत्तर : शोषकों के विरूद्ध लड़नेवाले कोई लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है |

**24)** टूटा पहिया हमसे क्या कहता है**?**

उत्तर : टूटा पहिया स्वयं कहता है कि यद्यपि वह रथ का टूटा हुआ पहिया है पर उसे बेकार समझकर मत फेंको । क्योंकि एक दिन वह न्याय के पक्ष में खड़े रहने वाले का अश्रय या सहारा बन जाएगा | महाभारत युद्ध में टूटा पहिया अभिमन्यु का काम आया था । उसी प्रकार आगे भी अभिमन्यु जैसा कोई वीर , न्याय या सत्य के पक्ष में रहने वाला कोई व्यक्ति संकट में पड़ जाय , तो उसकी भी सहायता टूटा पहिया करना चाहता है |

**25)** किसका पक्ष असत्य का था **?**

उत्तर : बडे बडे महारथियों का पक्ष असत्य का था |

**26)** अभिमन्यु के चारों ओर कौन- कौन थे**?**

उत्तर : अभिमन्यु के चारों ओर बडे बडे महारथी थे ।

**27)** महारथियों ने मिलकर क्या किया था**?**

उत्तर :महाराथियों ने मिलकर अकेली निहत्थी आवाज को कुचल दिया था |

**28)** सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया **?**

उत्तर : सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए ब्रह्मस्त्रों का प्रयोग किया |

**29)** अकेली निहत्थी आवाज़ से किसकी ओर सूचना है**?**

उत्तर : अभिमन्यू की और

**30)** सारे महारथियों ने क्या चाहा **?**

उत्तर : सारे महाराथियों ने मिलकर अभिमन्यु को कुचल देना चाहा।

31) जब बडे बडे महारथियों ने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यु को कुचल देना चाहा तो अभिमन्युने क्या किया **?**

उत्तर : एक टूटे पहिये को उठाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया।

**32)** ब्रह्मास्त्रों से कौन लोहा ले सकता है**?**

उत्तर : टूटा पहिया |

**33)** अभिमन्यु कहाँ अकेला पड़ा था**?**

उत्तर : चक्रव्यूह के अंदर |

34) बडे बडे महारथी किस के पक्ष में थे **?**

उत्तर : बडे बडे महारथी असत्य के पक्ष में थे |

**35)** "तब मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया

उसके हाथों में

ब्रम्हास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।"

- यहाँ टूटा पहिया क्या आग्रह करता है **?**

उत्तर : सत्य की रक्षा के लिए सत्य के पक्ष में खडे रहना चाहता है।

**36)** टूटा पहिया किसका प्रतीक है**?**

उत्तर : लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है।

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*

**37)** अभिमन्यु किसका प्रतीक है**?**

उत्तर : अभिमन्यु अधर्म का शिकार है या अभिमन्यु शोषित व्यक्ति है या अभिमन्यु अधर्म के विरोधी का प्रतीक है।

**38)** महारथी किसका प्रतीक है **?**

उत्तर : महारथी अधर्म, असत्य, अन्याय या शोषक का प्रतीक है।

**39)** कविता में चक्रव्यूह किसका प्रतीक है**?**

उत्तर : चक्रव्यूह मानव जीवन की समस्याओं का प्रतीक है।

**40)** ब्रहमास्त्र और अक्षैहिणी सेना किसके प्रतीक है**?**

उत्तर : ब्रहमास्त्र और अक्षौहिणी सेना अन्यायी या अधर्मी या शेषक के हाथ की महाशक्ति के प्रतीक है|

**41)** अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी बडे बडे महारथी अकेली निहत्थी आवाज को अपने ब्रहमास्त्रों से कुचल देना चाहे

- इन पंक्तियों के अशय पर चर्चा करें।

उत्तर : कौरव पक्ष के महारथी जानते थे कि अपना पक्ष असत्य का है | फिर भी उन्होंने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यु की निहत्थी आवाज़ को कुचल डालना चाहा। तब आभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से बह्मास्त्रों से लोहा लिया था|

यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार मैं किसी निरायुध के हाथों में आकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

**42)** तब मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया

उसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

- इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ वर्तमान परिवेश में कहाँ तक प्रासंगिक है**?**

चक्रव्यूह में निरायुध अभिमन्यु अकेले फँस गया। महारथियों ने ब्रह्मास्त्रों से उसे कुचल डालना

चाहा ।तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था |

केवल टूटा पहिया ही अभिमन्यु का सहारा बना था।यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार शोषकों के अत्याचार के विरुद्ध लडनेवाले का टूटा पहिया यानी लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा |

वर्कशीट

**43 )** सही उत्तर चुनकर लिखिए |

1) कविता के अधार पर किसका पक्ष असत्य का है?

( क) अकेली निहत्थी आवाज का

( ख) बडे बडे महारथी का

2) अकेली निहत्थी आवाज़ का प्रतीकात्मक अर्थ किसकी ओर सूचित है?

( क) शोषकों की ओर

( ख) शोषितों की ओर

3) अकेली निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल देनेवाला कौन है ?

( क) शोषक

( स) शोषित

4) टूटा पहिया किसके हाथों में ब्रम्हास्त्रों से लोहा ले सकता है?

( क) शोषक के

( स) शोषित के

5) दुरूह चक्रव्यूह - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है ?

( क) चक्रव्यूह

( ख) दुरूह

6) लोहा लेना का मतलब क्या है?

( क) सामना करना

( ख) पीछे जाना

उत्तर

1) बडे बडे महारथी का

2) शोषितों की ओर

3) शोषक

4) शोषित के

5) दुरूह

6) सामना करना

**44)** कविता के प्रतीकों को चुनकर खंभे में लिखें।

वर्तमान परिवेश में प्रतीक किसका प्रतिनिधित्व करता है **?** यह भी लिखें ।

| प्रतीक | किसका प्रतिनिधित्व करता है । |
|---|---|
| अभिमन्यु | अधर्म का शिकार, शोषित व्यक्ति . अधर्म के विरोधी |
| टूटा पहिया | लघु या उपेक्षित मानव |
| महारथी | अधर्म**,** असत्य , अन्यायी या शोषक |
| चक्रव्यूह | मानव जीवन की समस्याएँ |
| ब्रहमास्त्र / अक्षोहिणी सेना | अन्यायी, अधर्मी या शोषक के हाथ की महाशक्ति |

**45)** टूटा पहिया कविता के प्रसंग को कहाँ से लिया है**?**

उत्तर : महाभारत से |

**45)** टूटा पहिया नामक कविता में महाभारत कथा से जुड़े कौन कौन से शब्द आये हैं**?**

उत्तर : अभिमन्यु, टूटा पहिया, चक्रव्यूह, अक्षौहिणी सेना, महारथी और ब्रह्मास्त्र |

**46)** **'** इतिहासों की सामूहिक गति **'** **-** इसका मतलब क्या है **?**

उत्तर : इतिहास की गति सामूहिक है ।

**47)** किसकी गति असत्य की ओर जाने की संभावना है**?**

उत्तर : इतिहास की सामूहिक गति ।

**48)** इतिहास की सामूहिक गति कभी- कभी झूठी पड़ने लगती है । इसका मतलब क्या है**?**

उत्तर : कभी कभी कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर अन्याय करता है अधर्म करता है ।

**49)** सच्चाई को किसका आश्रय लेना पड़ता है **?**

उत्तर : टूटे पहिए का |

**50)** इतिहासों की सामूहिक गति

सहस झूठी पड जाने पर

क्या जाने

सच्चाई टूटे हुए पहिए का आश्रय ले

**-** इन पंक्तियों से कवि क्या बताना चाहते हैं **?**

उत्तर : इतिहास की सामूहिक गति जब सत्य और धर्म को छोड़कर असत्य और अधर्म के मार्ग पर चलने लगती है, तब सत्य और धर्म की स्थापना के लिए सच्चाई को टूटे पहिए का आश्रय लेना पड़ेगा। चक्रव्यूह में फँसे अभिमन्यु के लिए टूटा पहिया जिस प्रकार सहारा बना, उसी प्रकार समाज में मानव मूल्य के संरक्षण के लिए टूटा पहिया जैसा लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा ।

**51)** टिप्पणी लिखते समय ध्यान देने की बातें क्या क्या हैं**?**

उत्तर : कवि और कविता का परिचय

कविता का आशय

कविता की प्रासंगिकता और विशेषता

**52)** टूटा पहिया कविता पर टिप्पणी लिखें।

उत्तर : धर्मवीर भारती हिंदी के महान कवि हैं। टूटा पहिया महाभारत के एक प्रसंग पर लिखी कविता है। कौरव पक्ष के महारथी जानते थे कि अपना पक्ष असत्य का है। फिर भी उन्होंने चक्रव्यूह में फँसे अभिमन्यु की निहत्थी आवाज को ब्रह्मास्त्रों से कुचल डालना चाहा। तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार, मैं किसी निरायुध के हाथ में आकर ब्रम्हास्त्र से लोहा ले सकता हूँ।

इतिहास की सामूहिक गति जब असत्य और अधर्म के मार्ग पर चलने लगती है, तब सत्य और धर्म की स्थापना के लिए सच्चाई को टूटे पहिए का आश्रय लेना पड़ेगा। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार शोषकों के अत्याचार के विरुद्ध लड़ने वाले को टूटा पहिया यानी लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा ।

यह वर्तमान परिवेश में लिखी कविता है। प्रस्तुत कविता में अनेक प्रतीक भी है।

पाठ : **4** - पाठ का नाम : आई एम कलाम के बहाने

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) ' आई एम कलाम के बहाने ' पाठ किस विधा का है **?**

उत्तर : आई एम कलाम के बहाने एक फिल्मी लेख है ।

2) आई एम कलाम के बहाने नामक फिल्मी लेख के लेखक कौन है**??**

उत्तर : मिहिर पांडेय |

3) आई एम कलाम के बहाने पाठ में लेखक ने किन- किन के जीवन की तुलना की है **?**

लेखक ने अपने बचपन के दोस्त मोरपाल और आई एम कलाम फिल्म का नायक छोटू या कलाम के जीवन की तुलना की है।

**4)** आई एम कलाम फिल्म देखते समय लेखक को किसकी याद आती है **?**

उत्तर : लेखक को अपने बचपन के दोस्त मोरपाल की याद आती है।

5) अंग्रेजी के मास्टर का नाम क्या है**?**

अंग्रेजी के मास्टर का नाम तिवारी है |

**6)** मिहिर और मोरपाल क्लास में पास पास बैठते थे। क्यों**?**

नाम का पहला अक्षर एक होने के कारण दोनों क्लास में पास पास बैठते थे।

**7)** **'** बाँछें खिल जाना**'** का मतलब क्या है **?**

उत्तर : प्रसन्न होना |

**8)** मिहिर की कमज़ोरी क्या है **?**

उत्तर : मिहिर की कमजोरी छाछ है।

**9)** राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थी। किसकी **?**

उत्तर : मोरपाल की |

**10)** **'** हमारा सौदा था**,** खेल घंटी में खाने की अदला बदली का **'** ।इस घटना की याद में मिहिर अपनी डायरी लिखता है। वह डायरी कल्पना करके लिखें।

<u>मिहिर की डायरी</u>

तारीख :

आज भी मोरपाल मेरे लिए छाछ का डिब्बा लेकर आया था। वह जानता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है। दोपहर के भोजन के लिए वह छाछ ही, लाता था। मेरे टिफिन में राजमा देखते ही उसकी बाँछे खिल जाती थी। हमें खेल घंटी में अदला- बदली की आदत सी पड़ गयी थी। उसने मेरे टिफिन बॉक्स में रखे राजमा चावल को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। हमारी दोस्ती की सबसे बड़ी खुशी का वक्त खेल घंटी का हमारा सौदा ही था ।यह मैं कभी भी भूल नहीं सकता।

11) मोरपाल की विशेषताएँ क्या क्या है**?**

उत्तर : मेहनती लड़का, अच्छा दोस्त और वह पढ़ने में उत्सुक है।

**12)** मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुँचाना मिहिर के लिए आश्चर्य की बात थी। क्यों **?**

मोरपाल स्कूल से पंद्रह किलोमीटर दूर से साइकिल चलाकर स्कूल आता था। इसलिए मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुंचाना मिहिर के लिए आश्चर्य की बात थी।

**13)** हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का । खेल घंटी के समय मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

मिहिर : घंटी बज गयी, क्या हम खाना खाएँ ?

मोरपाल : हाँ दोस्त, मुझे भी भूख लगती है।

मिहिर: पुस्तक बैग में रखकर मैं अभी आऊँगा ।

मोरपाल : वाह ! तुम्हारे टिफिन बॉक्स में यह क्या है?

मिहिर : यह तो राजमा है। क्या तुमने इसे अभी तक खाया नहीं ?

मोरपाल : नहीं यार | मैं इसे पहली बार देख रहा हूँ।

मिहिर : यह तो मेरे लिए एक सामान्य सी चीज़ है। तुमने आज क्या लाया?

हाय ! छाछ ! इसे खाए कितने दिन हुए ?

मोरपाल : सच । क्या हम खाने की अदला- बदली करें?

मिहिर : जरूर |आज से मेरे घर से लाते खाना तुम खाओगे और तुम्हारे घर से लाते खाना मैं |

मोरपाल : सचमुच यह तो बहुत खुशी की बात है।

खेलने जाना है न? जल्दी जाएँ ?

मिहिर : ठीक है।

**14 )** मोरपाल और उसके जैसे और बच्चे रविवार को भी स्कूल जाना चाहते थे। क्यों**?**

उत्तर : स्कूल का उनका प्यार उतना गहरा था |वे स्कूल से बहुत प्यार करते थे । मोरपाल और उनके सहपाठियों के लिए रविवार सबसे बुरा दिन लगता था।

**15 )** स्कूल जाने में कौन रोया करता था **?**

उत्तर : मिहिर |

**16 )** मेरे लिए स्कूल यूनीफॉर्म बोझ थी। किसके लिए **?**

उत्तर : मिहिर के लिए।

**17 )** मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनीफॉर्म पहनकर क्यों जाता था**?**

उत्तर : मोरपाल का एकमात्र नया और अच्छा कपड़ा वहीं स्कूल यूनीफॉर्म ही था। इसलिए शादी में भी वह स्कूल यूनीफॉर्म पहनकर जाता था।

**18)** मिहिर के लिए स्कूल यूनिफॉर्म बोझ थी। क्यों**?**

उत्तर : मिहिर के पास बेहतर कपड़े थे। इसलिए यूनीफॉर्म पहनना उसे अच्छा नहीं लगता था |

**19 )** कोष्ठक में दिए गए शब्दो की सहायता से वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

( स्कूली, शादी में)

मोरपाल आया था।

मोरपाल यूनीफार्म पहनकर आया था।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

उत्तर

मोरपाल आया था ।

मोरपाल यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

मोरपाल स्कूली यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

मोरपाल शादी में स्कूली यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

**20 )** पाठभाग के आधार पर मोरपाल और मिहिर के जीवन अनुभवों पर टिप्पणी लिखें |

उत्तर : मिहिर और मोरपाल बचपन के मित्र थे । मिहिर संपन्न परिवार का था। उसको रोज़ स्कूल जाना पसंद नहीं था। उसके पास बड़े शहरों के बड़े बाजारों से खरीदे बेहतर कपड़े होने के कारण स्कूल

यूनीफॉर्म एक बोझ थी। स्कूल में बिताए समय को वह बचपन का खराब समय समझा करता था। लेकिन मोरपाल दरिद्र परिवार का था। वह रोज़ पंद्रह किलोमीटर साईकिल चलाकर स्कूल आता था। घर की बड़ी मेहनत और खेत मजूरी के बाद स्कूल का एकमात्र समय वह बच्चा बन रह सकता था। उसके पास एकमात्र कमीज़ पेंट का नया जोड़ा उसकी स्कूल यूनीफॉर्म ही थी। स्कूल में बिताए समय उसके लिए बचपन का सबसे अच्छा समय था। रविवार की छुट्टी उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन था।

**21)** "आई एम कलाम " फिल्म का निदेशक कौन है **?**

उत्तर : नील माधव पांडा |

**22)** लेखक के मत में "आई एम कलाम " फिल्म में किनके बारे में कहा गया है**?**

उत्तर : इस फिल्म में उनके बचपन की जिंदगी में जो बेमेल लोग है, उन्हीं की कहानियाँ कही गयी हैं।

**23)** कलाम कहाँ काम करता था **?**

उत्तर : कलाम एक चाय की दुकान में काम करता था।

**24)** बड़े होकर वह कौन बनना चाहता था**?**

उत्तर : बड़े होकर वह राष्ट्रपति कलाम सा बनना चाहता था।

**25)** रणविजय कौन है **?**

उत्तर : रणविजय ढाणी के राणा का बेटा है।

**26)** रणविजय स्कूल जाना नहीं चाहता था। क्यों**?**

उत्तर : उसके मन में परीक्षा से बहुत डर है। इसलिए वह स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था।

**27)** कलाम का सपना क्या है**?**

उत्तर : कलाम का सपना स्कूल जाना और राष्ट्रपति कलाम जैसे बड़ा आदमी बनना है।

**28)** रणविजय और कलाम के जीवन की तुलना करें।

| कलाम | रणविजय |
|---|---|
| गरीब घर का लड़का था । | राजपरिवार का लड़का था। |

| | |
|---|---|
| स्कूल जाना सबसे बडा सपना था ’ | स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था। |
| चाच की दुकान में काम करता था । | अंग्रेज़ी स्कूल का छात्र था। |

**29)** कौन अंग्रेज़ी जानता है **?**

उत्तर : रणविजय |

**30)** किसको पेड़ पर चढ़ना आता है **?**

उत्तर : कलाम को |

**31)** किसको घुडसवारी मालूम है **?**

उत्तर : रणविजय को |

**32)** ऊँट पर चढना कौन जानता है **?**

उत्तर : कलाम |

**33)** फिल्म के दो अविस्मरणीय घटनाएँ क्या क्या है **?**

उत्तर : भाटी सा की प्रेमकहानी और ढाबे के दूसरे लड़के की अमिताभ के अनुकरण की कहानी।

**34) आशय समझकर सही मिलान करें |**

कलाम घुडसवारी जानता है।

अंग्रेजी जानता है।

दिल्ली पहुंचता है।

रणविजय राष्ट्रपति कलाम बनना चाहता है।

सपना साकार होकर स्कूल जाता है।

स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता है।

| कलाम | रणविजय |
|---|---|
| राष्ट्रपति कलाम बनना चाहता है। | घुड़सवारी जानता है। |

| | |
|---|---|
| दिल्ली पहुंचता है। | अंग्रेजी जानता है। |
| सपना साकार होकर स्कूल जाता है। | स्कूल जाना कतई पसंद नहीं । |

**35 ) )** आई एम कलाम फिल्म के नायक कलाम का असल नाम क्या था**?**

उत्तर : उसे सब ' छोटू'  कहकर पुकारते थे।वहाँ गाँव में काम करने वाले सभी बच्चों को लोग छोटू पुकारते हैं।

**36)** कलाम का असली घर कहाँ है **?**

उत्तर :कलाम का असली घर जैसलमेर के एक सुदूर देहात में है।

**37)** छोटू ने कलाम नाम क्यों चुन लिया **?**

उत्तर : कलाम का सपना था कि बड़े होकर राष्ट्रपति कलाम के समान बनना।इसलिए उसने कलाम नाम चुन लिया |

**38 )** कलाम का सपना क्या था **?**

उत्तर :स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालोंवाले कलाम जैसा बनना ।

**39)** कलाम ने किसका दिल जीत लिया **?**

उत्तर :कलाम ने फ्रेंच वनिता लूसी मैडम का दिल जीत लिया।

**40)** लूसी मैडम कौन है **?**

उत्तर :लूसी मैडम एक फ्रेंच वनिता है, जो भाटी सा की चाय की दुकान में चाय पीने के लिए गई हुई विदेशी टूरिस्ट है।

**41)** लूसी मैडम कलाम को क्या वादा देती है **?**

उत्तर : वे उसे अपने साथ देल्ली लेकर जाएँगी और राष्ट्रपति डा कलाम से मिलवाएँगी|

**42 )** फिल्म में कलाम क्या कर रहा है**?**

उत्तर : भाटी सा की चाय की दुकान में काम कर रहा है |

**43)** छोटू उर्फ कलाम का साथी कौन था **?**

उत्तर :कुँवर रणविजय |

**44 )** कलाम और रणविजय के बीच दोस्ती कैसे होती है**?**

उत्तर : पहली मुलाकात में कलाम और रणविजय के बीच घुड़सवारी सीखने और पेड़ पर चढ़ना सिखाने के लेन देन को लेकर दोस्ती हो जाती है ।

**45)** भाषण देने के लिए कहने पर रणविजय क्यों परेशान हो गया **?**

उत्तर : क्यों कि उसकी हिंदी उतनी अच्छी नहीं थी ।

**46)** लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता है इससे आपने क्या समझा **?**

उत्तर : चाय की दुकान में काम करने वाला है छोटू । लेकिन उसकी आकांक्षाएँ बड़ी है । टीवी में देखे राष्ट्रपति कलाम का भाषण सुनकर, उनसे प्रभावित होकर वह अपना नाम कलाम रख देता है । स्कूल में पढकर कलाम जैसा बड़ा आदमी बनना उसका सपना है ।

**47 ) )** लेकिन कलाम फिर कलाम है । लेखक के इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखे ।

उत्तर : राणा सा के कारिंदे कलाम पर चोरी का आरोप लगाने पर भी मित्र रणविजय से की दोस्ती का प्रण न तोड़ने के लिए वह उसको सह लेता है । रणविजय को राणा से उससे की दोस्ती की सज़ा मिलने से बचाने के लिए वह ऐसा करता है । यहाँ कलाम ने दोस्ती को ऊँच स्थान दिया है ।

**48 )** फिल्म के अंत में कलाम क्या तय करता है **?**

उत्तर : वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ. कलाम को दिल्ली जाकर देने का तय करता है ।

**49)** कलाम ने डॉ**.** कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा । वह पत्र कल्पना करके लिखें|

जैसलमेर

**06** सितंबर **2005**

आदरणीय राष्ट्रपति महोदय**,**

सादर प्रणाम | आप मेरी चिट्ठी को तार समझकर जल्दी जवाब दीजिए । मैं जैसलमेर से कुछ दूर भाटी सा के चाय की दुकान में काम करने वाला एक बच्चा हूँ । टीवी में आपका भाषण सुनकर मैं बहुत प्रभावित हुआ । मैं आप जैसा बनना चाहता हूँ । लेकिन मैं बड़ा गरीब हूँ । मुझे स्कूल जाने की इच्छा है, मेरे मित्र

रणविजय के साथ। लूसी मैडम ने दिल्ली ले जाकर आपसे मिलवाने का वादा किया है। कहते हैं कि आपको बच्चे बहुत पसंद है। मुझे आपसे बहुत सी बातें करनी है। मेरा सपना है कि पढ़-लिखकर आपके समान बनना । कृपया आप मेरी मदद कीजिए।

पत्रोत्तर की तुरंत प्रतीक्षा में ।

आपका आज्ञाकारी छात्र

( ह )

कलाम ( छोटू ) .

सेवा में

डॉ . ए पी जे अब्दुल कलाम

राष्ट्रपति भवन

नई दिल्ली

**50)** कोष्ठक से उचित क्रिया रूप चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

1) लड़का पाठ. . . . . . . . . . . . . . . . . |

( लिखेगा, लिखेगी)

2) बच्चे पाठ. . . . . . . . . . . . . . . . . . |

( पढेंगे, पढेगा)

3) लडकियाँ साईकिल . . . . . . . . . . . . |

( चलाएंगे, चलाएगी)

4) रमा गीत. . . . . . . . . . . . . . . . . . . |

( गाएगा, गाएगी)

उत्तर :

1) लड़का पाठ लिखेगा |

2) बच्चे पाठ पढेंगे ।

3) लड़कियाँ साईकिल चलाएँगी ।

4) रमा गीत गाएगी |

☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼

## पाठ : 5 - पाठ का नाम : सबसे बड़ा शो मैन

☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

**1)** जीवनी माने क्या है**?**

उत्तर : जीवनी में किसी व्यक्ति का चरित्र, उसके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएँ आदि का चित्रण होता है ।

2) सबसे बड़ा शो मैन किस विधा की रचना है **?**

उत्तर : जीवनी |

**3)** ' सबसे बड़ा शो मैन' नामक जीवनी का लेखक कौन है **?**

उत्तर : गीत चतुर्वेदी |

**4)** सबसे बड़ा शो मैन में किसके जीवन का चित्रण हैं **?**

उत्तर : सबसे बड़ा शो मैन में चार्ली चैप्लिन के जीवन का चित्रण है ।

**5)** सबसे बड़ा शो मैन नामक जीवनी में किसकी माँ के बारे में कहा गया है**?**

उत्तर : चार्ली चैप्लिन की माँ के बारे में ।

**6)** चार्ली की माँ क्या कर रही थी**?**

उत्तर : चार्ली की माँ गा रही थी ।

**7)** मां गा रही थी । जाते जाते अचानक क्या हो गया **?**

उत्तर : माँ की आवाज फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गयी |

**8)** चार्ली की माँ की आवाज़ फुसफुसाहट तब्दील होते वक्त लोगों ने क्या सोचा**?**

उत्तर : लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है ।

**9)** इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया। उस समय माँ की हालत कैसी होगी **?**

उत्तर : उस समय माँ बहुत अपमानित हुई होगी, वह अत्यंत दुःखी हो गयी होगी और वह डर गयी होगी।

**10)** मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजने को जिद करने लगा। क्यों **?**

उत्तर : मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के साथ अभिनय करते देखा है। इसलिए वह चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए जिद करने लगा |

**11)** यहाँ माँ के डर जाने के क्या क्या कारण है**?**

उत्तर : उसका गला खराब हो गया है। लोग चिल्ला रहे हैं। मैनेजर पाँच साल के चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए ज़िद कर रहा है। इन सब कारणों से माँ डर गयी।

**12)** उचित क्रियारूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।

1) गोकुल बाजार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( जाना लगा, जाने लगा )

2) मीना कहानी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( लिखने लगा, लिखने लगी)

( 3) बच्चे मैदान में . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( खेलने लगा, खेलने लगे)

4) औरतें गीत . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( गाने लगी, जाने लगीं)

उत्तर **:**

1) गोकुल बाज़ार जाने लगा ।

2) मीना कहानी लिखने लगी।

3) बच्चे मैदान में खेलने लगे।

4) औरतें गीत गाने लगीं।

13) सही मिलान करें /

| | |
|---|---|
| माँ गीत गा न सकी | इसलिए स्टेज पर भेजने की जिद की |
| मैनेजर ने चाली का अभिनय देखा था | इसलिए माँ चार्ली को स्टेज पर भेजने डर गयी । |
| सामने उग्र भीड़ थी | इसलिए लोग चिल्लाने लगे । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| माँ गीत गा न सकी | इसलिए लोग चिल्लाने लगे । |
| मैनेजर ने चार्ली का अभिनय देखा था | इसलिए स्टेज पर भेजने की जिद की । |
| सामने उग्र भीड़ थी | इसलिए माँ चार्ली को स्टेज पर भेजने से डर गई । |

14) "इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया" ।इस समय माँ की हालत कैसी होगी ?

उत्तर : चार्ली चैप्लिन की माँ एक थियेटर में गीत गा रही थी। अचानक उसका गला खराब हो गया। दर्शक शोर मचाने लगे। माँ को स्टेज छोड़ना पड़ा। दर्शकों के अभद्र व्यवहार से वह अपमानित एवं पीडित हो गई। उसकी हालत तनाव से युक्त हो गई। वह और अधिक डर गई जब मैनेजर ने पाँच साल के चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद की ।

15 ) पाँच साल का चार्ली स्टेज पर अकेला था। उस समय चार्ली ने क्या सोचा होगा?

उत्तर : उसने सोचा होगा कि माँ का गला अचानक खराब क्यों हो गया ? माँ नें क्यों मुझे यहाँ अकेला छोड़ दिया है। इतने अधिक लोगों के सामने क्या करूँ। चार्ली ने यह भी सोचा होगा कि लोगों के सामने एक अच्छा प्रदर्शन कैसे करूँ ?

माँ ने जाने को कहा है , इसलिए मैं गाऊँगा |

**16)** स्टेज पर चार्ली का प्रदर्शन कैसा था **?**

उत्तर : स्टेज पर चार्ली ने अच्छा प्रदर्शन किया |

**17)** **'** इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया**'** **-** क्यों **?**

उत्तर : स्टेज पर चार्ली ने अच्छा प्रदर्शन किया । स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी । तब चार्ली ने गाना रोक दिया । गाना रोककर चार्ली ने कहा कि पहले मैं पैसे बटोरकर बाद में गाऊँगा । इस बात ने हॉल को हँसीघर में बदल दिया ।

**18)** दर्शकों की हँसी कब और बढ़ गयी **?**

उत्तर : हँसी तब और बढ़ गयी जब रूमाल की पोटली में पैसे बाँध बैकस्टेज की ओर जाते मैनेजर के पीछे चार्ली व्याकुलता से लग गया ।

**19)** चार्ली की क्या क्या विशेषताएँ हम देख सकते हैं**?**

उत्तर : कला प्रदर्शन करने की क्षमता, आत्मविश्वास, उत्तरदायित्व आदि चार्ली की विशेषताएँ है ।

**20)** चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया । तब आर्केस्ट्रा वालों ने क्या किया**?**

उत्तर : चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया | तब कुछ देर तक आर्केस्ट्रा वाले उसकी आवाज़ गाने की धुन तलाशते रहे |

**21)** चार्ली का गाना आधा होते समय क्या हुआ **?**

उत्तर :चार्ली का गाना आधा ही हुआ था तब स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई ।

**22 )** चार्ली ने गाना रोककर क्या घोषणा की **?**

उत्तर : पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा ।

**23)** चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद किसने की**?**

( मैनेजर ने, लोगों ने, माँ ने)

उत्तर : मैनेजर ने

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*

**24)** स्टेज पर पहली बार आने पर चार्ली ने कौन- सा गीत गाया **?**

उत्तर : चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाया ।

**25)** मैनेजर रुमाल लेकर क्यों आया **?**

उत्तर : पैसे बटोरने के लिए |

**26)** बहुत मुबाहिसा के बाद कौन चार्ली को स्टेज पर ले गया **?** क्यों **?**

उत्तर : मैनेजर | शोर मचाती भीड़ को शांत कराने के लिए।

**27)** **"** तब्दील हो जाना **"** **-** इसका मतलब क्या है **?**

उत्तर : बदल जाना |

**28)** **"** पैसों की बौछार शुरू हो गई **" –** इसका मतलब क्या है **?**

उत्तर : पैसों की वर्षा होने लगी |

**29)** चार्ली क्यों मैनेजर के पीछे व्याकुलता से लग गया **?**

उत्तर : चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है। इसलिए

वह मैनेजर के पीछे व्याकुलता से लग गया।

**30)** चार्ली कब स्टेज पर वापस आया **?**

उत्तर : मैनेजर पैसे की पोटली चार्ली की माँके हाथों में दे दी ।उसके बाद ही वह स्टेज पर लौट आया ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें **|**

**31)** चार्ली ने जनता पर क्या प्रभाव डाला था **?**

उत्तर: चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी।

**32)** चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैलाने के लिए क्या क्या किया**?**

उत्तर: उसने दर्शकों से बातचीत की। नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी।

**33)** मासूमियत में चार्ली ने क्या किया **?**

उत्तर: मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी।

**34)** मासूमियत में चार्ली ने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतारी । इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई **?**

उत्तर: लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे |

**35)** माँ जब चार्ली को लेने आई तब दर्शकों ने क्या किया**?**

उत्तर: दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई और कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की |

**36)** कलाकार के रूप में चार्ली के आगे की जिंदगी को लेखक कैसे सूचित करते हैं **?**

उत्तर: चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार । दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।

**37)** **"** उसने जन्म ले लिया था**"** । इसका मतलब क्या है **?**

उत्तर: पाँच साल का चार्ली अपनी माँ के बदले स्टेज पर आया था । उसने एक अच्छा प्रदर्शन किया । स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी । जब प्रदर्शन समाप्त हुआ तो दर्शकों ने खडे होकर तालियाँ बजाई । चार्ली का यह पहला प्रदर्शन था और वह एक कलाकार का उदय भी था । वास्तव में चार्ली नामक कलाकार ने वहाँ जन्म ले लिया था । अर्थात् दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यहाँ जन्म हुआ था ।

***38)*** दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था । इस घटना पर एक रपट तैयार करें **/**

<u>पाँच वर्षीय बालक का कमाल   माँ की इज्जत बच गई ।</u>

लंदन : आज एल्डरशॉट शहर के थिएटर में एक प्रदर्शन चल रहा था । वहाँ हैन्ना चैप्लिन गीत गा रही थी । अचानक उसकी आवाज़ फट गई । दर्शकों के शोर से उसे स्टेज छोड़ना पड़ा । उसके स्थान पर पाँच साल का उसका बेटा चार्ली

स्टेज पर आ गया । उसने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया । दर्शक खडे होकर तालियाँ बजाने लगे । इसमें कोई संदेह नहीं कि यह बालक कल बडा शो मैन बन जाएगा |

**39)** मान लें **,** चार्ली की माँ डायरी लिख रही हैं । उसने डायरी में क्या क्या लिखा होगा **?**

तारीख : - - - -

आज मेरे लिए दु:ख का दिन था। साथ ही आश्चर्य और हर्ष का भी | मैं थिएटर में गा रही थी। न जाने आज क्यों ? अचानक मेरी आवाज़ फट गई । क्या कहना ! दर्शक शोर मचाने लगे । मुझे स्टेज छोड़ना पड़ा | मैनेजर की ज़िद से मैं चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए तैयार हो गई। कमाल ही कहना | क्या था मेरे बेटे का प्रदर्शन ! स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी । दर्शक खडे होकर तालियाँ बजाने लगे |

☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼

पाठ : 6 - पाठ का नाम : अकाल और उसके बाद

☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼☼

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) ' अकाल और उसके बाद ' - किस विधा की रचना है**?**

उत्तर : कविता

2) ' अकाल और उसके बाद ' - कविता के कवि कौन है**?**

उत्तर : नागार्जुन

3) नागार्जुन के बारे में आप क्या जानते हैं**?**

उत्तर : नागार्जुन हिंदी के बहुत प्रसिद्ध साहित्यकार है। वे प्रगतिशील विचारों से बहुत प्रभावित हैं । उन्होंने लोक जीवन , प्रकृति , राजनीति , आदि को अपनी रचनाओं का विषय बनाया ।

4) अकाल क्या है **?**

उत्तर : अकाल में खाद्य वस्तुएँ, पानी आदि की कमी से जीव जंतु पीड़ित रहते हैं |

5) अकाल के क्या क्या कारण हो सकते हैं**?**

उत्तर : प्राकृतिक विपत्तियों से, प्रकृति का शोषण करने से, पानी की कमी से और फसलों की असफलता आदि से अकाल हो सकतें हैं ।

6) अकाल का क्या परिणाम होता है **?**

उत्तर : सारे जीव- जंतु भूखों मरने लगते हैं।

7) ' कई दिनों तक चूल्हा रोया ' - इसका क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : कई दिनों तक चूल्हा ठंडा पड़ा रहा |

8) कई दिनों तक चूल्हा नहीं जला। क्यों **?**

उत्तर : घरों में कोई खाद्य सामग्री नहीं है। इसलिए चुल्हा नहीं जला। अर्थात् चुल्हा जलाकर पकाने के लिए घरों में खाद्य सामग्री नहीं है।

9) चक्की रही उदास ।ऐसा क्यों लगता है**?**

उत्तर : चक्की पर पीसने के लिए अनाज नहीं है। इसलिए ऐसा लगता है।

*10)* 'कानी कुतिया' में विशेषण शब्द कौन-सा है ***?***

उत्तर : कानी

11) चूल्हे का रोना और चक्की का उदास होना इसका मतलब क्या है?

उत्तर : कवि के अनुसार चुल्हा, चक्की आदि घर की चीजों पर भी अकाल का प्रभाव देखने को मिलता है ।घर में कुछ पकाने के लिए नहीं है ।इसलिए चूल्हा बुझा रहता है और रोता हुआ लगता है। उसी प्रकार चक्की में पीसने के लिए दाना नहीं है ।इसलिए वह भी उदास लगती है।

12) छिपकलियाँ क्यों गश्त लगा रही है**?**

उत्तर : छिपकलियों को खाने के लिए कुछ भी नहीं मिल रहा है। इसलिए वे गश्त लगा रही है |

13) कवि ने अकाल की भीषणता को किन किन के माध्यम से व्यक्त किया है **?**

उत्तर : चुल्हा, चक्की, कानी कुतिया,छिपकली और चूहे के माध्यम से कवि ने अकाल की भीषणता को व्यक्त किया है।

14) चूहों की हालत क्यों बुरी हो गयी है**?**

उत्तर : चूहों को घर से या खेतों से खाने को कुछ नहीं मिल रहा है ।

**15)** अकाल और उसके बाद नामक कविता की मुख्य विशेषता क्या है **?**

उत्तर : इस कविता में चूल्हे का रोना, चक्की का उदास होना, आदि के माध्यम से कवि ने परोक्ष रूप से मनुष्य की विवशताओं का वर्णन किया है।

**16)** "कई दिनों तक लगी भीत पर

छिपकलियों की गश्त

कई दिनों तक चूहों की भी

हालत रही शिकस्त"

ये पंक्तियाँ किस हालत की ओर इशारा करती हैं **?**

उत्तर : यहाँ कवि अकाल की भीषणता की स्थिति का वर्णन करते हैं ।अकाल से घर की हालत दयनीय बन गई है।अकाल की तीव्रता के कारण छिपकली , चूहा जैसे जीवों को भी खाने के लिए कुछ नहीं मिलता है।

**17)** कानी कुतिया कहाँ सोई हुई थी**?** क्यों**?**

उत्तर : कानी कुतिया उदास होकर चक्की के पास साई हुई थी।क्योंकि उसे कहीं भी खाने को कुछ मिलने की संभावना नहीं थी।

**18 ) )** कवि ने अकाल का चित्रण किन किन दृश्यों के माध्यम से किया है **?**

उत्तर : चूल्हे का रोना , चक्की का उदास होना, कानी कुतिया का सोता रहना छिपकलियों की गश्त , चूहों की बुरी हालत आदि दृश्यों के माध्यम से कवि ने अकाल का चित्रण किया है ।

**19 )** कवि ने अकाल का चित्रण किस प्रकार किया है **?**

उत्तर : अकाल के भीषण समय में चुल्हे रो रहे हैं।अर्थात् कई दिनों तक चूल्हा ठंडा पड़ा रहा। घर की दीवारों पर छिपकलियाँ खाना न मिलने के कारण विवश होकर घूम रहे हैं।चूहे पराजित सा हो गये है। चक्की उदास है कि उसका कोई उपयोग नहीं है क्यंकि घर में दाने का अभाव है ।अभाव के कारण चूहा भूखा है।कानी कुतिया भी उदास होकर चक्की के पास सोई है।

**20) " दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद, धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद " - इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं ?**

उत्तर : कवि ने यहाँ अकाल के बाद की स्थिति का वर्णन किया है। अकाल के बाद घर में दाने आने पर घर के आँगन से ऊपर धुआँ उठता है । अर्थात् चूल्हा जलने लगा है । यह घर में खाना पकाने की ओर इशारा करता है | अकाल की भीषण हालत अब बदल गयी है।

**21) " चमक उठी घर भर की आँखें " - इस प्रयोग का मतलब क्या होगा ?**

उत्तर : यहाँ घर भर की आँखों का मतलब केवल मानव परिवार से नहीं है | चूल्हा, चक्की, कानी कुनिया, छिपकली, चूहा आदि सजीव हो उठे हैं ।

**5) " कौए ने खुजलाई पाँखे " - इसका क्या मतलब है?**

उत्तर : कौए भी नई आशा के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हो उठते हैं।

6) कवि ने अकाल के बाद की हालत का चित्रण किस प्रकार किया है ?

उत्तर : घर के अंदर दाने आते हैं । बहुत दिनों के बाद दाने आ गए। घर भर की आँखें चमक उठती है । अभी भोजन बना नहीं है, लेकिन अन्न की आहट ने ही आँखों में रोशनी भर दी है। फिर छत के ऊपर धुआँ उठता है । अर्थात् चूल्हा जल गया है । कौए भी नई आशा के साथ पंख खुजलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हो उठते हैं |

**7)** अकाल और उसके बाद कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें |

उत्तर : कविवर नागार्जुन की कविता है अकाल और उसके बाद । इसमें वे यह दिखाना चाहते हैं कि अकाल का प्रभाव केवल मनुष्य पर ही नहीं पड़ता | सारे जीव- जंतु इससे प्रभावित हो जाते हैं। पूरी कविता में अकाल से जुड़ी गरीबी, भूख और पीड़ा का वर्णन है | ऐसी स्थिति में कुछ दाने आने पर होने वाले परिवर्तन और उल्लास का भी चित्रण है । आज भी समाज में गरीबों के घर की दशा यहीं है ।

## पाठ 07 - पाठ का नाम : ठाकुर का कुआँ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें

1) ठाकुर का कुआँ किस विधा की रचना है?

उत्तर : कहानी |

2) ठाकुर का कुआँ कहानी के रचनाकार कौन है ?

उत्तर : प्रेमचंद |

3) प्रेमचंद के बारे में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर : प्रेमचंद हिंदी के कथा सम्राट माने जाते हैं। उनकी रचनाएँ अधिकतर सामाजिक है । समाज का यथार्थ चित्रण उनकी कहानियों में हम देख सकते हैं |

4) सड़ा पानी में विशेषण शब्द कौन- सा है ?

उत्तर : सड़ा |

5) ठाकुर का कुआँ नामक कहानी के प्रमुख पात्र कौन कौन है ?

उत्तर : ठाकुर का कुआँ नामक कहानी के प्रमुख पात्र जोखू और गंगी है।

6) "कुआ दूर था | बार बार जाना मुश्किल था ।" यहाँ गंगी की कौन- सी विवशता प्रकट होती है ?

उत्तर : यहाँ गंगी की गरीबी का चित्र उभर आता है। गरीबी के कारण उन्हें अपना कुआँ नहीं है। दूर के कुएँ से ही वह पानी लाती थी। कुआँ दूर होने के कारण बार बार जाना भी मुश्किल था। इसलिए गंगी अपनी दयनीय हालत प्रकट करती है।

7) ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा ? गंगी क्यों इस प्रकार सोचती है ?

उत्तर : यहाँ जाति- पाँति की ओर संकेत किया है । ठाकुर ऊँची जाति के लोगों के प्रतिनिधि है। जोखू और गंगी निम्न जाति के लोगों के प्रतिनिधि है। यहाँ जोखू प्यास से तड़प रहा है | उसे पीने के लिए घर में गंदा पानी ही है। निम्न जाति की स्त्री होने के कारण ठाकुर उसे पानी भरने नहीं देंगे। निम्न जाति के लोगों को ऊँची जाति के लोगों के कुएँ से पानी भरने की अनुमति नहीं थी। इस जातिगत भेदभाव के कारण गंगी सोचती है कि ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा |

**8)** गंगी ने पानी न दिया क्यों **?**

उत्तर : जोखू बीमार है। घर में जो पानी है उसमें से बदबू आ रही है। जोखू प्यास के कारण गंदा पानी ही पीने जा रहा था। तो गंगी ने पानी नहीं दिया। क्योंकि खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी। विवशता में भी गंगी अपने पति के स्वास्थ्य का ख्याल रखती है ।

**9)** खराब पानी पीने से बीमार बढ़ जाएगी | पानी के खराब होने के क्या- क्या कारण हो सकते हैं**?**

उत्तर : कूड़े कचरे से पानी गंदा होता है। कुआँ साफ न होगा तो पानी गंदा होगा | कुएँ में जानवरों के मरने से पानी गंदा होगा |

**10)** **“** खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी **,** परंतु यह न जानती थीं कि पानी को उबाल लेने से उसकी खराबी जाती रहती है ।“ **-** इससे कौन- सी सामाजिक वास्तविकता प्रकट होती है **?**

उत्तर : यहाँ गंगी की आशिक्षा की ओर संकेत किया है। निम्न और गरीब लोग शिक्षा से भी वंचित रह जाता है | इसलिए उनमें अज्ञान , अंधविश्वास आदि भी देख सकते हैं | इसी सामाजिक वास्तविकता को यहाँ प्रस्तुत किया है |

**11)** **"** गंगी क्या जवाब देती**,** किंतु वह बदबूदार पानी पीने को न दिया ।इससे गंगी का कौन**-** सा मनोभाव प्रकट होता है **?**

उत्तर : अपनी विवशता में भी गंगी अपने पति के स्वास्थ्य का ख्याल रखती है।

**12)** जोखू की हालत कैसी है **?**

उत्तर : जोखू बीमार है और प्यास से तड़प रहा है।

**13)** गाँव में कितने कुएँ हैं **?**

उत्तर : गाँव में ठाकुर और साहू के दो कुएँ हैं।

**14)** विशेषण शब्द पहचानकर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| सख्त | पानी |
| बदबूदार | कुआँ |

| | |
|---|---|
| तीसरा | सत्य |
| कड़वा | बदबू |

उत्तर

| | |
|---|---|
| सख्त | बदबू |
| बदबूदार | पानी |
| तीसरा | कुआँ |
| कड़वा | सत्य |

15) ठाकुर के दरवाज़े पर कौन- कौन जमा हुए थे ?

उत्तर : ठाकुर के दरवाजे पर दस- पाँच बेफिक्रे जमा हुए थे |

16) बेफिक्रे किसके बारे में कह रहे थे?

उत्तर : मैदानी बहादुरी का तो अब न जमाना रहा है न मौका | कानूनी बहादुरी की बातें हो रही थी।

17) ठाकुर जैसे लोगों की कानूनी बहादुरी क्या क्या है ?

उत्तर : रिश्वत देना, नियम तोड़ना आदि |

18 ) मैदानी बहादुरी का तो अब न जमाना रहा है न मौका | - इसका मतलब क्या है?

उत्तर : पहले शारीरिक शक्ति के बल पर समाज के ऊँचे लोग अपना कार्य किया करते थे। लेकिन अब वे सिफ़ारिश के बल पर कानून को अपने अनुकूल बना लेते है। कानून मुकदमे के ज़रिए गरीबों को परास्त करते हैं। यहीं इस कथन का मतलब है।

19) धुँधली रोशनी में विशेषण शब्द कौन- सा है ?

उत्तर : धुँधली

20) गंगी अवसर की प्रतीक्षा में अब कहाँ है?

उत्तर : जगत की आड़ मैं

**21)** ' विद्रोही दिल ' में विशेषण शब्द कौन- सा है **?**

उत्तर : विद्रोही |

**22)** गंगी का विद्रोही दिल किसके विरुद्ध चोटें करने लगा **?**

उत्तर : गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों के विरुद्ध चोटें करने लगा |

**23)** व्यक्ति कैसे महान बन जाता है **?**

उत्तर : व्यक्ति अपने श्रेष्ठ कर्मों से महान बन जाता है

**24)** " हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊंच है " - यहाँ किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत है ?

उत्तर : जातिप्रथा |

**25)** गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी नहीं ले सकती थी | क्यों **?**

उत्तर : गंगी निम्न जाति की होने के कारण ठाकुर के कुएँ से पानी नहीं ले सकती थी।

**26)** " गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा | यहाँ प्रस्तुत रिवाज़ी पाबंदी और मज़बूरी क्या- क्या हैं **?**

उत्तर : जाति के नाम पर समाज में भेद- भाव था। निम्न कहे जानेवाले लोगों से छुआ पानी पीना, भोजन खाना, कुएँ से पानी भरना, रास्ते में उनसे मिलना आदि बातों में पाबंदी थी। निम्न वर्ग के लोग ये सब सहकर जीने के लिए विवश थे | उच्च वर्ग के लोगों के हितानुसार अपनी ज़िंदगी की प्राथमिकताओं का तय करने के लिए भी वे विवश थे।

**27)** उच्च कहे जाने वाले लोगों के विरुद्ध गंगी का तर्क क्या है **?**

उत्तर : ये लोग ऊँचे क्यों हैं ? चोरी ये करें , जाल- फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें । साहुजी मिलावट के सामान बेचते हैं | बारहों मास पंडित के घर में जुआ खेलते हैं | काम पर मजूरी नहीं देते हैं | गरीब नारियों को रसभरी आँखो से देखते है |

**28)** " हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊंच है। इसलिए कि ये गले में ताग डाल देते हैं " - इस विचार से गंगी का कौन सा दृष्टिकोण प्रकट होता है **?**

उत्तर : गंगी के इस विचार से मालूम होता है कि वह ऊँच- नीच की भावनाओं को तोड़ना चाहती है।

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*

जातिगत भेद- भाव को तोड़कर एक मन से काम करने से ही सामाजिक उन्नति संभव है ।

**29)** "हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊँच है " **?** - यहाँ किस समस्या की ओर संकेत हैं **?**

( क) गरीबी ( ख) पारिवारिक समस्या ( ग) जाति प्रथा ( घ) अकाल

उत्तर: ( ग) जाति प्रथा

**30 )** " इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसी कि लिए रोक नहीं**,** सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते " ।- गंगी क्यों इस प्रकार सोचती है**?**

( क) गंगी अनपढ़ है ( ख) पानी खराब है ( ग) कुआ दूर है ( घ) वे निम्न जाति के हैं ।

उत्तर: ( घ) वे निम्न जाति के हैं ।

**31 )** गरीबों का दर्द कौन समझता है **?** - यह किसने किससे कहा **?**

उत्तर :जोखू ने गंगी से कहा |

**32)** आशय समझकर सही मिलान करें |

| | |
|---|---|
| गंगी पानी लेने के लिए | पर जल्दी पानी नहीं ले सकती थी |
| गंगी कुएँ के पास पहुंची | कुएँ पर आ रहा था । |
| ठाकुर के दरवाज़े पर | असमानता के विरुद्ध विचार उठने लगे । |
| दीये का धुंधला प्रकाश | कुछ लोग बैठे थे । |
| गंगी के विद्रोही मन में | रात को निकल पड़ी |

उत्तर

| | |
|---|---|
| गंगी पानी लेने के लिए | रात को निकल पड़ी |
| गंगी कुएँ के पास पहुंची | पर जल्दी पानी नहीं ले सकती थी । |
| ठाकुर के दरवाज़े पर | कुछ लोग बैठे थे । |
| दीये का धुंधला प्रकाश | कुए पर आ रहा था । |

| | |
|---|---|
| गंगी के विद्रोही मन में | असमानता के विरुद्ध विचार उठने लगे । |

**33** ) प्रेमचंद के बारे में आप क्या जानते हैं**?**

प्रेमचंद हिंदी के कथा सम्राट माने जाते हैं। उनकी अधिकांश रचनाएं सामाजिक है।

**34 )** ठाकुर का कुआं नामक कहानी के प्रमुख पात्र कौन- कौन है**?**

जोखू और गंगी । दोनों पति पत्नी हैं।

**35 )** गांव के दो कुएँ किनके हैं**?**

गांव के दो कुएं हैं, एक ठाकुर का और दूसरा साहू का।

**36 )** गांव के कुएं से गंगी पानी नहीं ले सकती हैं। क्यों**?**

गांव के अन्य दो कुएँ ऊँची जाति के लोगों के हैं ।निम्न जाति की स्त्री होने के कारण। गंगी वहाँ से पानी नहीं ले सकती है।

**37 )** गंगी रात को पानी लेने के लिए निकल पड़ी । कहाँ से पानी लेने के लिए **?**

ठाकुर के कुए से |

**38 )** गंगी ने घड़ा और रस्सी हाथ में उठाकर क्या किया**?**

वह झुककर चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खड़ी हुई।

**39)** महंगू को क्या हुआ था**?**

महंगू को ठाकुर ने इतना मारा था कि वह महीनों लहू थूकता रहा।

**40 )** ठाकुर ने बेचारे महगू को क्यों मारा**?**

इसका कारण यह है कि महंगू ने बेगार न दी थी ।

**41) "** इस पर ये लोग ऊँचे बनते हैं **"** । इससे क्या मतलब है**?**

इसका मतलब यह है कि नीच कर्म करने वाले कभी ऊँचा नहीं बन पाएगा।

**42 )** गंगी ने क्षणिक सुख की सांस ली कब**?**

ठाकुर के दरवाजे पर कुछ लोग बातें कर रहे थे। वे लौट गए। ठाकुर भी दरवाज़ा बंद कर अंदर सोने गए । गंगी को कुएं से पानी लेने का अवसर सामने आया। उस समय गंगी ने क्षणिक सुख की सांस ली।

**43 )** गंगी दबे पाव कए की जगत पर चढी । विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था। गंगी को ऐसा अनुभव क्यों हुआ होगा?

ठाकुर के दरवाजे पर कुछ लोग बैठे थे। दो स्त्रियाँ भी पानी लेने के लिए आई थी। वे सब वापस गए। ठाकुर भी सोने के लिए अंदर गए। गंगी को पानी लेने के लिए अब कोई बाधा नहीं थी। आज जीवन में पहली बार ठाकुर के कुए से पानी लेने का अवसर मिल गया। ऐसा अवसर गंगी को पहले नहीं मिला था । इसलिए उसे यह विजय का पहला अनुभव प्रतीत हुआ।

**44 )** आशय समझकर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| गाँव की दो स्त्रियाँ | कि उन्हें आराम का अवसर नहीं |
| स्त्रियां कह रही थी | सोने जा रहे थे। |
| किसी की आहट सुनकर | कुएं की जगत पर चढ़ी |
| ठाकुर दरवाज़ा बंद करके | पानी लेने आई थी । |
| गंगी पानी लेने के लिए दबे पाँव | गंगी भयभीत हो गई । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| गाँव की दो स्त्रियाँ | पानी लेने आई थी। |
| स्त्रियाँ कह रही थी | कि उन्हे आराम का अवसर नहीं । |
| किसी की आहट सुनकर | गंगी भयभीत हो गई । |
| ठाकुर दरवाज़ा बंद करके | सोने जा रहे थे। |
| गंगी पानी लेने के लिए दबे पाँव | कुएँ की जगत पर चढी । |

**45 )** गंगी चौकन्नी दृष्टि से देखा जैसे कोई सिपाही रात तो को शत्रु के किले में सुराख कर रहा हो। इसका कारण क्या है ?

गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने वाली है। इस समय वह पकड़ ली गई तो उसे माफी या रियायत नहीं मिल जाएगी। यही इसका कारण है।

**46 )** शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। यहाँ ठाकुर के दरवाजे की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है**?**

गन की के मन में ठाकुर जैसे लोगों से बहुत भय है । यहाँ गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने वाली ही थी। अचानक ठाकुर का दरवाजा खुल गया । तब गंगी को लगा कि शेर का मुंह खुला है क्योंकि यदि शेर के मुंह में आ जाय तो वह बच नहीं सकती।

**47 )** उसने रस्सी का फंदा घडे में डाला | कौन **?**

उत्तर : गंगी

**48 )** गंगी दाएं बाएं चौकन्नी दृष्टि से देखने का कारण क्या है**?**

ठाकुर के द्वारा पकड़े जाने के डर से |

**49 )** किस का दरवाजा खुल गया **?**

उत्तर : ठाकुर का दरवाजा |

**50 )** घर पहुंचकर गंगी ने क्या देखा **?**

उसने देखा कि जोखू लोटा मुंह से लगाए मैला गंदा पानी पी रहा है।

**51)** कौन कुएँ की तरफ आ रहे थे**?**

उत्तर : ठाकुर |

**52 )** ठाकुर का कुआँ नामक कहानी में चित्रित सामाजिक समस्या कौन सी है**?**

उत्तर : जाति प्रथा **।**

**53 )** प्रेमचंद का जन्म कब हुआ**?**

31 जुलाई 1880 को प्रेमचंद का जन्म हुआ।

**54 )** गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

कथा सम्राट प्रेमचंद की कहानी है ठाकुर का कुआं । कहानी का प्रमुख पात्र गंगी है । गंगी के प् पति जोखू प्यास से तड़प रहे थे । उसे अपने पति से इतना प्रेम है कि रात को अकेले ठाकुर के कुएँ से पानी लेने जाती है। गंगी अनपढ़ है और ठाकुर जैसे लोगों के दुर्व्यवहार अच्छी तरह जानती है। गंगी अपने समय की दलित महिलाओं की प्रतिनिधि है। उसमें एक विद्रोही का मन हम देख सकते हैं ।वह यह भी स्थापित करना चाहती है कि हम लोग अपने कर्मों से ही ऊँचे बन जाते हैं जाति से नहीं ।

✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶☀✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶✶

*Prepared by: Anandakrishnan Edacheri, HST Hindi, GHS Munnad, Kasaragod*